दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

68 चोरी की सायकल समेत 1 आरोपी गिरफ्तार

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुसौर पुलिस द्वारा आरोपी नकुल पिता गोपीनाथ साहू उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम औरदा थाना पुसौर हाल संत विनोबा नगर रायगढ़ से 68 नग सायकल कीमत 272000 रु चोरी की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर इस्तगासा क्र 5/19 धारा 41(1)(4)सीआरपीसी/379 आईपीसी कायम कर विवेचना में लिया गया पूछताछ में आरोपी ने सरिया बरमकेला रायगढ़ के विभिन्न स्थानों से सायकल को चुराना स्वीकार किया आरोपी को सीसीटीवी कैमरे की मदद से सायकल चुराते दिखने पर तलाश कर पकड़ा गया।

प्लेसमेंट कैम्प आज

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,रायगढ़ द्वारा निजी क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर भर्ती करने के लिए 30 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के आटोमोबाइल्स प्रतिष्ठानों मे बेक आफिस एक्जिक्यूटिव- 03 पद (योग्यता:- डिप्लोमा/पी.जी.डी.सी.ए.), सर्विस एडवाइजर- 08 पद (योग्यता:- डिप्लोमा/मेकेनिकल), मार्केटिंग मैनेजर -03 पद (योग्यता:- एम.बी.ए) टेक्निषियन-04 पद (योग्यता:- आई.टी.आई.), सेल्स कन्सलटेंट-10 पद (योग्यता-स्नातक),रिसेप्शनिष्ट-02 पद(योग्यता-स्नातक) सीआरएम-01 पद (योग्यता-स्नातक), वासिंग सुपरवाईजर-01 पद(योग्यता-12 वीं), वासिंग ब्वाय-05 पद (योग्यता-12 वीं), की रिक्तियों में भर्ती हेतु आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। उक्त पदों हेतु वेतनमान योग्यतानुसार रहेगा। इस हेतु कार्य कर चुके अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी आवेदक 30 अगस्त को पूर्वान्ह 11.00 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,रायगढ़ एस.ई.सी.एल रोड मैरीन ड्राईव में उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

डेंगू की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए महाअभियान का शुभारंभ

विधायक प्रकाश नायक एवं कलेक्टर ने संजय काम्प्लेक्स की गलियों में टेमीफॉस एवं मोबिल का किया छिड़काव

न्याय साक्षी/रायगढ़। विधायक प्रकाश नायक एवं कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज संजय काम्प्लेक्स में डेंगू की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए महाअभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक प्रकाश नायक एवं कलेक्टर ने डेंगू की रोकथाम के लिए संजय काम्प्लेक्स में गली-गली में रूके हुए गंदे पानी में टेमीफॉस का घोल एवं जले हुए मोबिल का छिड़काव किया।

विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि पूरे शहर में एक साथ यह अभियान चलाया गया है। डेंगू को लेकर शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सभी जागरूक हैं और हम चाहते हैं कि इस बार डेंगू के प्रकोप से रायगढ़ शहर दूर रहे और इसके लिए कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त निरंतर प्रयास कर रहे है। जहां-जहां गंदा पानी का ठहराव है वहां टेमीफॉस एवं मोबिल आइल का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार डेंगू के लिए सतर्क हूं एवं कलेक्टर एवं संबंधित विभागों से बातचीत कर रहा हूं और इसकी सतत् मॉनिटरिंग की जाएगी। हमारा प्रयास रहेगा कि इस बार डेंगू का कम से कम या नहीं के बराबर प्रकोप हो।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सभी 48 वार्डों में 9000 से अधिक लोग जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, मिलकर अभियान प्रारंभ किए हैं और हमने पर्याप्त टेमीफॉस घोल एवं जला हुआ मोबिल उपलब्ध कराया गया है, ताकि जहां भी पानी का रूकाव है वहां छिड़काव करें एवं डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करें। उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया कि सभी अपने-अपने घरों में छिड़काव करें। जितने भी जगह रूका हुआ पानी है, सभी जगह इसको डाला जाएगा ताकि लार्वा विकसित न हो सके और हमारा रायगढ़ डेंगू मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि ब्लड सेपरेटर मशीन के लिए मेडिकल कालेज से बात की गई है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया काफी लंबी होने के कारण वक्त लगने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डेंगू के परीक्षण एवं इलाज के लिए जिंदल से भी टाइअप है। सभी निजी हॉस्पिटल में भी रेट निश्चित कर रहे हैं। ताकि डेंगू का परीक्षण निश्चित फीस में हो सके और कोई भी निजी हास्पिटल अधिक फीस न ले। उन्होंने कहा कि संजय काम्पलेक्स में कई नालियों को तोड़कर नया बनाने की आवश्यकता है। अतिक्रमण हटाकर नालियों की सफाई भी करवायेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान सतत् रूप में चलता रहेगा।

इस अवसर पर सभापति सलीम नियारिया, जयंत ठेठवार, पार्षद शाखा यादव, श्रीमती सुषमा डालमिया, रामकिशन खटर्जी, नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम जी.ईश्वर राव, डॉ.राकेश वर्मा, समाजसेवी महावीर अग्रवाल, श्याम मंडल के सदस्य बसंत पालीवाल, अनिल केडिया, राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती कलावती पटेल निलंबित

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा तत्कालीन ग्राम पंचायत सरडामाल वर्तमान ग्राम पंचायत तारापुर के ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती कलावती पटेल को मनरेगा योजनान्तर्गत तालाब गहरीकरण कार्य में फर्जी मस्टररोल संधारित कर गबन राशि का उपयोग करने के कारण दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रायगढ़ निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता की पात्रता की होगी।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत ग्राम सरडामाल में मनरेगा योजनान्तर्गत तालाब गहरीकरण कार्य में फर्जी मस्टररोल संधारित कर गबन की राशि 20,988 संयुक्त रूप से वसूली के संबंध में गत दिवस 3 अगस्त 2019 के द्वारा राशि जमा करने हेतु अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर उक्त वसूली की राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था। ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती कलावती पटेल द्वारा वसूली योग्य राशि जमा नहीं किया गया और न ही उनके द्वारा किसी प्रकार का जवाब प्रस्तुत नहीं करने का दोषी पाया गया।

शौचालय निर्माण हेतु अंतिम अवसर

न्याय साक्षी/रायगढ़। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी परिवारों के घरों में शौचालय निर्माण सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेसलाईन सर्वेक्षण अनुसार शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है। यदि आज भी कोई परिवार शौचालय विहीन बचा हो तो ऐसे पात्र परिवार 31 अगस्त 2019 अपना आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत जमा कर सकते है।

ईको फ्रेंडली गणेश की प्रतिमा बनाने पर कलेक्टर ने सीताराम को दी बधाई

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज रायगढ़ के सीताराम देवांगन को ईको फ्रेडली, पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त भगवान गणेश की मूर्ति बनाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सीताराम ने कलेक्टर को उनके कक्ष में जाकर गणेश की मूर्ति उपहार स्वरूप भेंट में दी। कलेक्टर ने सीताराम से कागज से बने गणेश की मूर्ति बनाने की विधि के बारे में विस्तार से जाना।

रायगढ़ शहर के पैलेस रोड निवासी सीताराम देवांगन ने बताया कि कागज से बने भगवान गणेश की मूर्ति ईको फ्रेडली एवं पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त है। जो कि वजन में हल्का है और पानी में आसानी से घुल जाएगा। मूर्ति की मजबूती अन्य मूर्तियों से अधिक है तथा खंडित होने का डर नहीं है। साथ ही मूर्ति की खुबसूरती के लिए इसमें डॉयमंड वर्क किया गया है। इस मूर्ति को महिलाएं तथा बच्चे भी आसानी से उठा सकेंगे एवं विसर्जन कर सकेंगे। सीताराम ने बताया कि कागज से बनायी गई गणपति जी की मूर्ति पहले पेपर को भीगा कर उसमें लगे स्याही को अलग किया गया तथा उसमें खाने का गोंद मिलाया गया जिसे विजर्सन के पश्चात मछली उसे खा सकता है और कही भी किसी प्रकार से पर्यावरण प्रदूषण नहीं होगा।

आवश्यकता है

CAREER SCHOOL

अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।

वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।

CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तयामत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्ते एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prema 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session



Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480